>

Title: Need to construct a bridge on river Narayani between Kushinagar (Uttar Pradesh) and Bettiah (Bihar).

श्री गोरख प्रसाद जायसवाल (देवरिया): उत्तर प्रदेश एवं बिहार सीमा पर स्थित नारायणी नदी के आर-पार कुशीनगर से बेतिया आने जाने के लिए कोई सुगम मार्ग नहीं है। लोगों को इन दोनों शहरों में आने जाने के लिए 200 किलोमीटर की यात्रा करनी पड़ती है और समय भी अधिक लगता है। दोनों राज्यों के लोगों ने कई दशकों से नारायणी नदी के इस पार पिपराघाट और उस पार पखनहां के बीच पर एक पुल का निर्माण करने का अनुरोध किया है। इस पुल के निर्माण से 200 किलोमीटर की अतिरिक्त यात्रा नहीं करनी पड़ेगी। इस क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत, बौद्ध, अशोक एवं नंद वंश के शासकों की ऐतिहासिक इमारतें विदेशा पर्यटकों को आकर्षित करती हैं, परन्तु इस पुल के अभाव में विदेशी पर्यटक इन क्षेत्रों में नहीं आ पाते हैं।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि पिपराघाट (कुशीनगर) से पखनहां (बेतिया) के बीच स्थित नारायणी नदी पर पुल का निर्माण जनहित एवं पर्यटन स्थल के विकास के हित में शीघ्र बनवाने हेतु निर्देश दिये जायें।